JULY - OCTOBER 2025

# eSakshi

NEWSLETTER

## GOVT. KAMLA RAJA PG AUTONOMOUS COLLEGE GWALIOR

Madhya Pradesh



**Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.**
*NAAC 'A' Grade Institution   College Mail id: krgc@rediffmail.com   Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com   Phone no. 0751-2625495*



**::शुभकामना संदेश::**

उच्च शिक्षा, मध्य प्रदेश शासन की मंशा है कि प्रत्येक छात्र–छात्रा चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि, किसी भी वर्ग से आते हों, गुणवत्तापूर्ण एवं कौशलोन्मुख उच्च शिक्षा ग्रहण करने के साथ–साथ जीवन के विभिन्न आयामों में दक्ष बनें। शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर एक बहु संकायी एवं बहुविषयक स्वशासी महाविद्यालय है,जो इस संभाग में छात्राओं की उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र है। मुझे प्रसन्नता है कि यह महाविद्यालय छात्राओं को बेस्ट एजुकेशन एटमॉस्फेयर देने के साथ–साथ उन्हें मानसिक रूप से भी समर्थ बना रहा है. उनके द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले ई–न्यूज लेटर 'E–साक्षी' का प्रथम अंक अपनी विभिन्न गतिविधियों को विभिन्न स्टेकहोल्डर तक पहुंचाने में निश्चित रूप से सफल होगा ।

मैं महाविद्यालय की ऊर्जावान प्राचार्य एवं प्रकाशन मंडल को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

**(प्रो.कुमार रतनम् )**
**अतिरिक्त संचालक,**
**उच्च शिक्षा,ग्वालियर–चम्बल संभाग,**
**ग्वालियर (म.प्र)**



# संदेश

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि, महाविद्यालय की छात्राओं के समग्र विकास के लिये अयोजित विभिन्न शैक्षणेत्तर गतिविधियों को IQAC की टीम द्वारा संकलित किया गया एवं इस संकलन को त्रैमासिक ई–न्यूज लेटर के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यक गतिविधियों का प्रतिबिम्ब इस ई–न्यूज लेटर में परिलक्षित हो रहा है। छात्राओं में शैक्षणिक प्रतिभा के साथ–साथ कला कौशल, लेखन, सामुदायिक सेवा एवं नेतृत्त के विकास के लिये शैक्षणिक स्टॉफ कृत संकल्प है एवं इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील रहता है। महाविद्यालय की छात्राऐं निरंतर कौशल संवर्धन कर विकास के सोपान हासिल कर रही हैं, रोजगार, स्वरोजगार, प्रशासनिक, सेवाओं में चयनित होकर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं। मुझे प्रसन्नता है कि IQAC की टीम का यह प्रयास जो छात्राओं की गतिविधियों एवं उपलब्धियों को समस्त स्टेकहोल्डर तक पहुंचाने के लिये है, यह एक सशक्त माध्यम साबित होगा। मैं समस्त टीम को बधाई एवं शुभकामानाऐं देती हूं एवं उम्मीद करती हूँ कि छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा इस ई–न्यूज लेटर के माध्यम से जन–जन तक पहुंचेगी, जो समाज और प्रदेश के विकास में योगदान देगी।

उनका यह प्रयास सफल हो, ऐसी मेरी शुभकामाना है।

डॉ. साधना श्रीवास्तव
प्राचार्य



## IQAC समन्वयक की कलम से

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि यह महाविद्यालय ई-न्यूज़ लेटर "ई-साक्षी" के प्रथम अंक का प्रकाशन कर रहा है। यह महाविद्यालय 1937 में एक कोपल के रूप में प्रारंभ हुआ था, आज छात्राओं के मूल्य आधारित शिक्षण, चहुमुखी गतिविधियों में सहभागिता, अनेक सफलताओं को प्राप्त करती हुई छात्राओं के रूप में पुष्पित-पल्लवित होकर मध्य प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालयों में से एक है एवं छात्राओं के सर्वांगीण विकास की ओर सतत अग्रसर है। हमारी छात्राएं महाविद्यालयीन शिक्षा के हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व करती हैं जिसका साक्षी यह न्यूज़ लेटर "ई-साक्षी" है। यह न्यूज़लेटर हमारे महाविद्यालय की जुलाई 2025 से अक्टूबर 2025 तक की विभिन्न गतिविधियों को प्रदर्शित कर रहा है.

सस्नेह

डॉ. प्रतिमा जैन,
IQAC समन्वयक

# Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.

*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*

## दीक्षारम्भ कार्यक्रम 01 JULY 2025



शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर में दिनांक 01.07.2025 से 03.07.2025 तक सत्र 2025–26 में नवप्रवेशित स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्राओं के लिये तीन दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम दिवस 01.07.2025 को सत्र का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

दीक्षारम्भ कार्यक्रम में छात्राओं को **NEP**, स्वयं पोर्टल, महाविद्यालय की परंपराएं, अध्ययन का उद्देश्य एवं उद्देश्य प्राप्ति के लिए अनुशासन के महत्व, विभिन्न प्रकार की स्कॉलरशिप, विभिन्न खेलों की सुविधा, **NSS, NCC** एवं छात्र संघ इत्यादि से छात्रों को परिचित कराया गया.



# Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.

*NAAC 'A' Grade Institution     College Mail id: krgc@rediffmail.com     Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com     Phone no. 0751-2625495*


## CAREER GUIDANCE & PLACEMENT CELL

## ACTIVITIES JULY 2025



## बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण शुरू

ग्वालियर। शासकीय केआरजी महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. साधना श्रीवास्तव के निर्देशन में छह दिवसीय बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण तथा डिजिटल मार्केटिंग विषय पर प्रतीक इंस्टिट्यूट के सहयोग से सोमवार को प्रारंभ किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित करण कोै, नीरज बाथम, नेहा राजपूत एवं वंशिका मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे।





प्रशिक्षण

## टेस्ट में 82 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्राओं का शिक्षकों ने किया सम्मान

वर्कशाप के दौरान छात्राओं को संबोधित करते प्रशिक्षक

नईदुनिया प्रतिनिधि, ग्वालियरः केआरजी महाविद्यालय में प्राचार्या डा. साधना श्रीवास्तव के निर्देशन में छह दिवसीय 'बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण एआइ और डिजिटल मार्केटिंग' विषय में पूर्ण हुआ। महाविद्यालय के करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डा. आभा मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण का संयोजन किया गया, जिसमें 207 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। अंतिम दिवस छात्राओं का टेस्ट लिया गया, जिसमें छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। 99 से 82 प्रतिशत तक अंक पाने वाली 50 छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा।






# CAREER GUIDANCE & PLACEMENT CELL

## ACTIVITIES JULY 2025




महाविद्यालय के कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर ग्वालियर के साथ MOU साइन




NIIT फाऊंडेशन भोपाल द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता वर्कशॉप के आयोजन




टाटा स्ट्राइव के सहयोग से 'होटल मैनेजमेंट में स्किल्स और प्लेसमेंट' विषय पर सेमिनार का आयोजन



इंफोसिस फाऊंडेशन बैंगलोर द्वारा प्रायोजित उन्नति फाउंडेशन एवं महाविद्यालय के द्वारा 'पर्सनैलिटी एंड स्किल डेवलपमेंट' पर 30 दिवसीय प्रशिक्षण

# INSTITUTE OF LAW ACTIVITIES JULY 2025




दिनांक 17-07-2025 अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष में 120 छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संबंधी अवधारणा के बारे में चर्चा की गयी

## NSS ACTIVITIES JULY 2025

**नशा मुक्ति भारत अभियान** अंतर्गत शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर में दिनांक 19.07.2025 व्याख्यान, पोस्टर निर्माण, एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम अयोजित किया गया









**Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.**

*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*

*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*


# WORKSHOP ON ABC ID 25 JULY 2025

## हर छात्र और छात्रा के लिए एबीसी आईडी अनिवार्य है

### केआरजी कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला हुई



केआरजी कॉलेज में कार्यशाला को संबोधित करते विशेषज्ञ।

पीपुल्स संवाददाता • ग्वालियर

मो.नं. 9644644430

शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय की आईक्यूएसी सेल द्वारा एबीसी आईडी और अपार आईडी एवं एनएडी से पहचान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डिजिटल इंडिया कारपोरेशन, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी से अक्षय मंगवानी ने विस्तार से सदन में सहभागियों से चर्चा की। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के प्रारम्भ में सदन को संबोधित करते हुए, इस प्रकार के कार्यक्रमों की आवश्यकता से सदन को परिचित कराया। कार्यशाला में छात्राओं ने अनेक क्वेरीज की, जिसका उन्होंने समाधान किया। कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहे। एनईपी 2020 में प्रत्येक विद्यार्थी के लिए एबीसी आईडी अनिवार्य है। कार्यशाला के द्वितीय सेशन में अक्षय मंगवानी ने टेक्निशियन एवं प्राध्यापकों को हैंडस ऑन ट्रेनिंग में टेक्निकल पक्ष, अपलोडिंग ऑफ डाक्यूमेंट्स आदि के विषय में बताया. कार्यशाला का संचालन एवं आभार आईक्यूएसी की समन्वयक डॉ. प्रतिमा जैन ने किया।



दिनांक 25.07.2025 को महाविद्यालय के IQAC विभाग द्वारा ABC ID से संबंधित कार्यशाला "Know ABC of ABC" का आयोजन किया गया।

# GROOMING WITH NATURE

## PLANTATION JULY 2025



# JOINT ACTIVITITY BY ZOOLOGY, BIOTECH. DEPT. & HEALTH CLUB AUGUST 2025

**Seminar on Skin Hygiene & Gynaecological disorder on 4 August 2025 By Zoology, Biotech. Dept. & Health Club**







सांध्य दैनिक **श्रीराम एक्सप्रेस** सच के साथ

सोना 24 कैरेट 100500 | 22 कैरेट 92,000 | चांदी प्रतिकिलो 113500 | पेट्रोल 106.50 | डीजल 91.80 | घरेलू 936.50 | व्यावसायिक 1873.05

सुविचार: वह एक मात्र स्थान है जहां आपके सपने असंभव होते हैं, वह है स्वयं आपका मस्तिष्क। ■ अज्ञात

वर्ष : 16 अंक 159 | ग्वालियर, बुधवार 06 अगस्त 2025 | श्रावण शुक्ल पक्ष- 12 (2082) | मूल्य : 3 रु. पृष्ठ : 08

## केआरजी में व्याख्यान माला आयोजित

**श्रीराम एक्सप्रेस, ग्वालियर।**

के आर जी कॉलेज के बायोटेक्नोलॉजी, जूलॉजी विभाग एवं हेल्थ क्लब द्वारा बेसिक स्किन हाइजीन एवं पीसीओडी,पीसी ओएस विषयों पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉक्टर साधना चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर रोजा ओलियाई द्वारा पी सी ओ एस एवं पीसीओडी से संबंधित जानकारियां दी गई डॉक्टर रोज जी ने छात्रों को इस बीमारी के लक्षण ,कारण और इस बीमारी से बचाव करने

के उपाय बताए, उनके अनुसार यह बीमारी दो बड़े कारणों हो सकती है। पहले अनुवांशिक एवं दूसरा जीवन शैली इस बीमारी के रोगियों को चिंता ,तनाव व अवसाद से अधिक खतरा होता है उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवन शैली व्यायाम, आहार ध्यान व योग से इन बीमारियों से बचा जा सकता है इसके बाद डॉक्टर सृष्टि जैन गुप्ता ने बेसिक स्किन हाइजीन के विषय में अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की डॉक्टर सृष्टि जैन गुप्ता चर्म रोग विशेषज्ञ द्वारा त्वचा की देखभाल कैसे की जाए एवं त्वचा संबंधी कैंसर के विषय में ज्ञान साझा किया उन्होंने कैंसर और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं से बचने के लिए सनस्क्रीन क्रीम का प्रयोग व महत्व को समझाया सनस्क्रीन यू वी किरणों से बचाव करता है जिनमें यू वी ए, यूवी बी, यूवी सी शामिल है। इनमें से यूवी सी के कारण कैंसर होता है इसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में भी बताया यह व्याख्यान माला छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधी ज्ञान को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया। जिससे छात्राएं पूर्ण रूप से लाभान्वित हुई धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर नेहा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर साधना श्रीवास्तव, डॉक्टर शैलेंद्र सिंह तोमर, डॉक्टर डीपी सिंह ,डॉक्टर राजेंद्र दुबे, डॉक्टर आरती गुप्ता, डॉक्टर शक्ति भारद्वाज, डॉक्टर प्रतिष्ठा द्विवेदी, डॉक्टर मोहित आर्य ,डॉ प्रीति मौर्या, डॉक्टर सुष्मिता श्रीवास्तव, डॉ अमित बरसाना एवं डॉ नेहा बुनकर प्राणी शास्त्र विभाग से और बायोटेक विभाग से डॉ साधना चतुर्वेदी डॉक्टर ज्योति सिंह कुशवाहा डॉ नेहा श्रीवास्तव एवं डॉ अवि रायजादा मौजूद रहीं।



Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.
NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in
IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495

# CAREER GUIDANCE & PLACEMENT CELL

## ACTIVITIES AUGUST 2025

### दिनांक 5 अगस्त 2025 को 'एयरलाइन्स इंडस्ट्री में करियर के अवसर' पर सेमिनार का आयोजन






**एयरलाइंस में करियर बनाने के लिए छात्राओं को दिए टिप्स**

ग्वालियर। केआरजी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की ओर से करियर काउंसिलिंग के अंतर्गत एयरलाइंस इंडस्ट्री में करियर के अवसर विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। आरंभ में कार्यक्रम की संरक्षक प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव द्वारा इस क्षेत्र में करियर के बढ़ते नवीन अवसरों पर प्रकाश डाला गया तथा छात्राओं को करियर गतिविधियों से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य वक्ता श्रीमती मीनाक्षी माथुर डायरेक्टर स्टार स्टेप्स इंटीट्यूट और विषय विशेषज्ञ रोहित शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक एयरलाइंस इंडस्ट्री के विभिन्न करियर अवसरों की जानकारी दी तथा छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर दिए। अपने ग्राउंड स्टाफ, केबिन क्रू, मैनेजमेंट आदि के कार्यों की जानकारी दी साथ ही एयरलाइंस में करियर बनाने के लिए कौनसी स्किल्स का होना जरूरी है ;इस पर चर्चा की। छात्राओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के इंक्यबेशन सेंटर के नोडल अधिकारी, डॉ. सामन्त सिंह सेंगर एवं सह नोडल अधिकारी डॉ. अंशुमन सोनी । कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ. आभा मिश्रा प्रभारी करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा किया गया।

# Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.

*NAAC 'A' Grade Institution     College Mail id: krgc@rediffmail.com     Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com     Phone no. 0751-2625495*


## BOARD OF STUDY MEETINGS AUGUST 2025



Dept. of Philosophy




Dept. of Sociology




Dept. of Hindi



Dept. of Marathi




Dept. of English




Dept. of Geography

# Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.

*NAAC 'A' Grade Institution    College Mail id: krgc@rediffmail.com    Website: www.krg.ac.in*

*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com    Phone no. 0751-2625495*


## BOARD OF STUDY MEETINGS AUGUST 2025



Dept. of Commerce



Dept. of Management



Dept. of NCC




Dept. of NSS




Dept. of Functional Hindi




Dept. of Sports

**Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.**

*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*

*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*


# BOARD OF STUDY MEETINGS AUGUST 2025




Dept. of Home Science




Dept. of Physics




Dept. of Zoology




Dept. of Biotechnology



Dept. of Chemistry




Dept. of Botany

# Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.

*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*


## CAREER GUIDANCE & PLACEMENT CELL

## ACTIVITIES AUGUST 2025



कार्यशाला

**सम्मेलन में छात्राओं को विविध उद्यमों से कराया परिचित**

केआरजी महाविद्यालय में 'उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन' में शामिल अतिथि।

**नईदुनिया प्रतिनिधि, ग्वालियर:** शासकीय केआरजी महाविद्यालय में 'उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन' का आयोजन स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत किया गया। प्राचार्या डा. साधना श्रीवास्तव ने आरंभ में स्वरोजगार और अपना उद्यम करने के महत्व और आवश्यकता पर उद्बोधन दिया। अध्यक्षता जन भागीदारी अध्यक्ष मीना सचान ने की। मुख्य वक्ता सर्वेश दीक्षित ने छात्राओं को स्वावलंबी बनने की दिशा में विविध उद्यमों की जानकारी दी और संदेश वस्तुओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि लोकेंद्र राजपूत उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को नई टेक्नोलाजी से जुड़ने और उसका उद्यम में उपयोग करने के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर सिंह भदौरिया ने किया व आभार डा. सामंत सिंह सेंगर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डा. आभा मिश्रा ने किया।

21 अगस्त से 21 सितंबर तक महाविद्यालय में स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत एक्टिविटीज





पत्रिका

**केआरजी कॉलेज में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन**

**छात्राओं को नई टेक्नोलॉजी से जुड़ उद्यम में उसके उपयोग की दी प्रेरणा**

ग्वालियर. शासकीय केआरजी महाविद्यालय में स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सर्वेश दीक्षित ने छात्राओं को स्वावलंबी बनने की दिशा में विविध उद्यमों की जानकारी दी और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने स्वरोजगार और अपना उद्यम करने के महत्व और आवश्यकता पर प्रेरक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में युवा उद्यमी अभिराज बंसल को सम्मानित किया गया। उन्होंने छात्राओं को नई टेक्नोलॉजी से जुड़ने और उसके उद्यम में उपयोग करने की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ सामंत सेंगर, डॉ आभा मिश्रा, डॉ संगीता सोमवंशी, डॉ अर्चना सेन, डॉ सामंत सिंह सेंगर उपस्थित रहे।



Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.
*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*

# CAREER GUIDANCE & PLACEMENT CELL

## ACTIVITIES AUGUST 2025




23.08.25 से 24.09.25 तक महाविद्यालय में उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित 30 दिवसीय ब्यूटीशियन कोर्स प्रशिक्षण









**Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.**
*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*

# GROOMING WITH NATURE

## MAKING OF MATI KE GANESH AUGUST 2025






सांध्य दैनिक
श्रीराम एक्सप्रेस
सब के साथ
वर्ष : 16 अंक 178 | ग्वालियर, बुधवार 27 अगस्त 2025 भाद्रपद शुक्ल पक्ष - 4 (2082) मूल्य : 3 रु. पृष्ठ : 08

सुविचार
उस व्यक्ति को आलोचना करने का अधिकार है जो सहायता करने की भावना रखता है।
■ अब्राहम लिंकन

### केआरजी कॉलेज में 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' कार्यशाला आयोजित

श्रीराम एक्सप्रेस, ग्वालियर।

गणेश उत्सव 2025 के अवसर पर शासकीय कमला राजा कन्या महाविद्यालय ग्वालियर में प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जन जागरूकता अभियान माटी गणेश- सिद्ध गणेश पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में इको क्लब प्रभारी डॉ. मोहित आर्य द्वारा मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड एवं रागिनी फाउंडेशन के संचालक सनाउल्लाह खान के सहयोग से किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्वयं के द्वारा निर्मित मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बनाने हेतु प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पर्यवरण हितैषी जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित करना था। कार्यशाला में माहाविद्यालय के विभिन्न संकायों की छात्राओं एवं प्राध्यपकों द्वारा उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर सहभागिता की गई। छात्राओं द्वारा मिट्टी से निर्मित अत्यंत सुंदर, आकर्षक एवं भावपूर्ण गणेश प्रतिमाएं बनाई गई। इस अवसर पर छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राजेंद्र दुबे, डॉ. जया जैन, डॉ. कुमकुम माथुर, डॉ आभा मिश्रा, डॉ. शक्ति भारद्वाज, डॉ. प्रीति मौर्य, डॉ. सुष्मिता श्रीवतास्तव, डॉ. प्रतिष्ठा द्विवेदी, डॉ. अमित बरसाना, डॉ. मुकुलिता उपाध्याय, डॉ. नेहा बुनकर, डा. कुश कुशवाह साहित अन्य प्राध्यापक एवं छात्रएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

# CAREER GUIDANCE & PLACEMENT CELL

## ACTIVITIES AUGUST 2025



## ध्यान और प्राणायाम से स्वास्थ्य पर पड़ता है सकारात्मक प्रभाव

केआरजी कालेज में कार्यशाला के दौरान उपस्थित वक्ता • नईदुनिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, ग्वालियरः** शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में गुरुवार को उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार अमृता विश्वविद्यालय के सौजन्य से 'समग्र स्वास्थ्य और एकीकृत अमृता ध्यान तकनीक' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आरंभ में प्राचार्य डा. साधना श्रीवास्तव ने ध्यान से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव के विषय में चर्चा कर विषय परिवर्तन किया। डा. नरेंद्र आनंद एसोसिएट, प्रो. डा. श्वेता आनंद और एसोसिएट प्रो. अमृता ने रोचक एवं ज्ञानवर्धक ज्ञान की विभिन्न तकनीकों से सभी को परिचित कराया। विशेषज्ञ द्वारा जागरुकता गेम, साइक्लोजिकल एक्सरसाइज जीतने का एटीट्यूड आदि से संबंधित विविध कार्यकलाप कराए। संचालन करियर प्रकोष्ठ की प्रभारी डा. आभा मिश्रा ने किया एवं आभार डा. आरती गुप्ता ने व्यक्त किया।











**Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.**

*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*

# INSTITUTE OF LAW ACTIVITIES AUGUST 2025




दिनांक 02-08-2025 कृति सक्सेना 50 छात्राओं को इंटर्नशिप संबंधी समस्याओं के निराकरण के बारे में जानकारी दी






दिनांक 23-08-2025 को Lecture on Legal Aid Clinic कृष्णा दीक्षित द्वारा समाज के कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना और कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना।

**Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.**

*NAAC 'A' Grade Institution    College Mail id: krgc@rediffmail.com    Website: www.krg.ac.in*

*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com    Phone no. 0751-2625495*

# ग्वालियर का इनक्यूबेशन सेंटर

## AUGUST 2025

शासकीय के.आर.जी. पी.जी. कॉलेज, ग्वालियर में संचालित इनक्यूबेशन सेंटर विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमिता और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए Nurturing of Innovation & Entrepreneurship Vision (NIEV) कार्यक्रम अयोजित किया गया








*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*

# HINDI DEPARTMENT ACTIVITIES

## SEPTEMBER 2025

"सामाजिक पृष्ठ के हाशिये पर बुजुर्ग : जिम्मेदार कौन" पुस्तक का विमोचन दिनांक 02.09.25 को शासकीय कमला राजा कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ साधना श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। पुस्तक का संपादन डॉ इला शुक्ला और डॉ मुक्ता अग्रवाल के द्वारा किया गया।



श्रीराम एक्सप्रेस

### सामाजिक पृष्ठ के हाशिए पर बुजुर्ग, जिम्मेदार कौन?

श्रीराम एक्सप्रेस, ग्वालियर।

सामाजिक पृष्ठ के हाशिए पर बुजुर्ग, जिम्मेदार कौन पुस्तक का विमोचन डॉ साधना श्रीवास्तव प्राचार्य शासकीय के आर जी महाविद्यालय ग्वालियर के मुख्य आतिथ्य में किया गया । पुस्तक का संपादन डॉ इला शुक्ला विभागअध्यक्ष हिंदी विभाग तथा डॉ मुक्ता अग्रवाल सहायक प्राध्यापक हिन्दी के द्वारा किया गया। यह पुस्तक सद्भावना पब्लिकेशन अंबाह जिला मुरैना द्वारा प्रकाशित की गई है । यह पुस्तक समाज में वृद्धजनों की स्थिति, उनकी समस्याओं और उनके प्रति उपेक्षा के कारणों पर गहन दृष्टि डालती हैं। इसमें पारिवारिक सामाजिक और सरकारी स्तर पर बुजुर्गों की बदलती भूमिका एवं चुनौतियो को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है। विमोचन समारोह में डॉ इला शुक्ला, डॉ मुक्ता अग्रवाल,डॉ अलका मौर्य, डॉ आभा मिश्रा, डॉ कल्पना शर्मा, डॉ वीना शुक्ला, डॉ सुधा कुशवाह , डॉ कृष्णा सिंह, डॉ कल्पना श्रीवास्तव, डॉ विनीता त्यागी, डॉ सुनील सोमवंशी, डॉ गौतम सिंह आदि उपस्थित थे। यह जानकारी डॉ.मुक्ता अग्रवाल सहायक प्राध्यापक शासकीय के.आर.जी महाविद्यालय ग्वालियर ने दी।

पुस्तक का विमोचन






भारतीय भाषा संस्थान शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हिंदी के संवर्धन हेतु निर्मित भारतवाणी पोर्टल के लिए डॉक्टर आभा मिश्रा की पुस्तक 'धर्मनिरपेक्षता में निहित एकता' को चयनित कर प्रकाशित किया गया



# NCC ACTIVITIES

## 05TH SEPTEMBER 2025

Teacher's Day was celebrated by the NCC department in the presence of the Principal Madam and NCC Officer. About 90 cadets participated and expressed their respect for teachers. The program began with lamp lighting, followed by cultural performances, cake cutting by the Principal Madam, and her motivating speech, which made the event memorable and successful.







# NCC ACTIVITIES

## 12 SEPTEMBER 2025

An awareness lecture on the Nai Roshni Scheme was organized by the NCC department on 12 September 2025. About 95 cadets, along with Subedar Major Balraj Singh, Sr. GCI Laxmi Singh, and Sr. GCI Kamaljeet Kaur, participated. Cadets discussed the scheme through a presentation highlighting women empowerment, leadership development, and various training modules.










# भातखण्डे स्मृति दिवस 20 SEPT. 2025













दिनांक 20.09.2025 को पं. भातखंडे स्मृति दिवस पर IQAC एवं संगीत विभाग द्वारा " महाविद्यालयीन संगीत शिक्षा में रोजगार की संभावनाएं " विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.
*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*

# ACADEMIC COUNCIL MEETING OF COLLEGE

## 24 SEPT. 2025








# BIOTECHNOLOGY DEPARTMENT ACTIVITIES

## SEPTEMBER 2025











नवरात्र: पांचवां दिन

मां स्कंदमाता देवी

सांध्य दैनिक **श्रीराम एक्सप्रेस** सब के साथ

सुविचार: थोड़े दिन रहने वाली विपत्ति अच्छी है क्यों कि उसी से मित्र और शत्रु की पहचान होती है। ● रहीम

वर्ष : 16 अंक 209 | ग्वालियर, शनिवार 27 सितम्बर 2025 | आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी (2082) | मूल्य : 3 रु. पृष्ठ : 08


### केआरजी कॉलेज में जैव प्रौद्योगिकी कार्यशाला का शुभारंभ

श्रीराम एक्सप्रेस, ग्वालियर।

शासकीय के आर जी स्वशासी महाविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी तथा प्राणी शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय बायोइनफॉर्मेटिक्स कार्यशाला का प्रारंभ हुआ। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ साधना श्रीवास्तव की गरिमामय उपस्थिति रही। जिन्होंने छात्राओं को वर्तमान दौर में बायो इनफॉर्मेटिक्स विषय की महत्ता के बारे में बताया। अन्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ डी पी सिंह,अकादमिक सचिव डॉ साधना पांडे, आइक्यूएसी सचिव डॉ प्रतिमा जैन, प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ राजेंद्र दुबे तथा जैव प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष डॉ शक्ति भारद्वाज मौजूद रहे।

जैव प्रौद्योगिकी विभागध्यक्ष डॉ शक्ति भारद्वाज द्वारा स्वागत भाषण में छात्राओं को बायो-इनफॉर्मेटिक्स विषय से संबंधित सभी शाखाएं तथा करियर के रूप में विषय के महत्व को समझाया। मंच संचालन डॉ साधना चतुर्वेदी द्वारा किया गया। तकनीकी सत्र की शुरुआत डॉ अवी रायजादा के व्याख्यान से रही जिसमें उन्होंने बायोइनफॉर्मेटिक्स तकनीक के बारे में बताया। अन्य तकनीकी सत्र में डॉ नेहा श्रीवास्तव द्वारा ओ आर एफ़ तथा माइक्रो सेटेलाइट के बारे में बताया गया। सभी तकनीकी सत्र में छात्राओं को व्यक्तिगत प्रशिक्षण दिया गया।

**Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.**

*NAAC 'A' Grade Institution     College Mail id: krgc@rediffmail.com     Website: www.krg.ac.in*

*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com     Phone no. 0751-2625495*

# BIOTECHNOLOGY DEPARTMENT ACTIVITIES

## SEPTEMBER 2025

**बायोटेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट में 26-27 सितंबर 2025 को बायोइन्फॉर्मेटिक्स पर दो दिवसीय वर्कशॉप।**

नवरात्र: सातवां दिन



मां कालरात्रि देवी

सांध्य दैनिक **श्रीराम एक्सप्रेस** सब के साथ

सुविचार: जीवन की भाग-दौड़ तथा उथल-पुथल में अंदर से शांत बने रहें। — दीपक चोपड़ा

वर्ष : 16 अंक 211 | ग्वालियर, सोमवार 29 सितम्बर 2025 | आश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी (2082) | मूल्य : 3 रु. पृष्ठ : 08

### छात्राओं को दी बायोइन्फॉर्मेटिक्स करियर में संभावनाओं की जानकारी

श्रीराम एक्सप्रेस, ग्वालियर।



शासकीय के आर जी स्वशासी महाविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी एवं प्राणी शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय बायो इन्फॉर्मेटिक्स कार्यशाला के दूसरे दिवस में टेक्निकल सेशन प्रारंभ हुआ । सत्र का प्रारंभ टेक्निकल सेशन की ब्रीफिंग से किया गया। द्वितीय दिवस में कुल मिलाकर 4 तकनीकी सत्र हुए जिन्हें डॉक्टर अवि रायजादा, डॉ नेहा बुनकर ,डॉ साधना चतुर्वेदी एवं डॉक्टर ज्योति कुशवाहा द्वारा लिया गया । इन सभी एक्सपर्ट ने सीक्वेंस होमोलॉजी ,प्राइमर डिजाइनिंग ,प्लांट डिजीज, रेजिडेंस जीन, सेल्यूलर लोकलाइजेशन वेब पार्ट एवं बायोइनफॉर्मेटिक्स के विभिन्न टूल्स के बारे में बताया । इसके बाद समापन समारोह में जनभागी दारी अध्यक्ष मीना सचान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। समापन समारोह में कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर साधना श्रीवास्तव ,प्रशासनीय अधिकारी डॉ डी पी सिंह ,एकेडमिक सचिव डॉ साधना पांडे , विभागाध्यक्ष जूलॉजी डॉ आर के दुबे विभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी डॉ शक्ति भारद्वाज, को कोऑर्डिनेटर डॉ प्रतिष्ठा द्विवेदी, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री, डॉ अवि रायजादा, डॉ ज्योति कुशवाहा डॉ साधना चतुर्वेदी ,डॉ नेहा श्रीवास्तव एवं जूलॉजी की फैकल्टी डॉ आरके माहौर ,डॉ प्रीति मौर्या, डॉ, मोहित आर्य, डॉ सुष्मिता श्रीवास्तव डॉ अमित बरसाना डॉ नेहा बुनकर डॉ मुकूलिता उपाध्याय डॉ कुश कुशवाहा उपस्थित रहे। दो दिवसीय वर्कशाप की रिपोर्ट डॉ प्रतिष्ठा द्विवेदी द्वारा दी गई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती मीना सचान द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा छात्राओं को आने वाले समय में बायोइनफॉर्मेटिक्स में करियर की संभावनाओं को बताया गया । अंत में कार्यक्रम का समापन प्रोफेसर आरके दुबे द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर नेहा श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

### केआरजी कॉलेज में दो दिवसीय बायो इन्फॉर्मेटिक्स कार्यशाला आयोजित

**ग्वालियर।** शासकीय केआरजी स्वशासी महाविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी एवं प्राणी शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय बायो इन्फॉर्मेटिक्स कार्यशाला (26-27 सितंबर) के दूसरे दिन टेक्निकल सेशन सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ। सत्र का प्रारंभ टेक्निकल सेशन की ब्रीफिंग से किया गया। द्वितीय दिवस में कुल चार तकनीकी सत्र हुए , जिन्हें डॉक्टर अवि रायजादा, डॉ. नेहा बुनकर, डॉ. साधना चतुर्वेदी एवं डॉक्टर ज्योति कुशवाहा द्वारा लिया गया। इसके बाद समापन समारोह में जनभागीदारी अध्यक्ष मीना सचान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर साधना श्रीवास्तव, प्रशासनीय अधिकारी डॉ. डीपी सिंह, एकेडमिक सचिव डॉ. साधना पांडे, विभागाध्यक्ष जूलॉजी डॉ. आरके दुबे, विभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी डॉ. शक्ति भारद्वाज, को कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रतिष्ठा द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। रिपोर्ट डॉ. प्रतिष्ठा द्विवेदी ने दी। मुख्य अतिथि मीना सचान ने छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए। धन्यवाद नेहा श्रीवास्तव ने किया।






Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.

*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*

# HEALTH CHECKUP CLUB ACTIVITITY

## 29 SEPTEMBER 2025









# HINDI DEPARTMENT ACTIVITIES

## SEPTEMBER 2025

हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस पखवाड़ा के अवसर पर व्याख्यान माला का आयोजन शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 26.09.25 को किया गया।











# HEALTH AWARENESS

## SEPTEMBER 2025



आई. नं. एम.पी.एच.आई.एन./2008/27836 वर्ष-18 | अंक-16 | ग्वालियर | मंगलवार 09 सितम्बर 2025 | पृष्ठ 8 | मूल्य 3 रूपया

दैनिक **नगर चिंगारी** हर पल आपके लिए

### केआरजी कॉलेज में हुआ फिजियोथेरेपी जागरूकता सत्र

नगर चिंगारी | ग्वालियर

कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट एवं ...ज ऑफ लाइफ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान ...आरजी कॉलेज में फिजियोथेरेपी जागरूकता ...का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्व ...योथेरेपी सप्ताह के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। इस ...का संचालन डॉ. शशांक आपटे, डॉ. दिनेश ...एवं डॉ. डिंकी अरोड़ा द्वारा किया गया। उन्होंने ...जी कॉलेज की प्राचार्या, अध्यापकों एवं स्टाफ ...ों को फिजियोथेरेपी के महत्व, स्वास्थ्य ...न, रोगों की रोकथाम एवं पुनर्वास में इसकी ...के बारे में जागरूक किया। शिविर में ...ज्ञों ने विभिन्न व्यावहारिक तकनीकों जैसे ...ल थैरेपी, व्यायाम प्रशिक्षण, दर्द प्रबंधन एवं ...क मुद्रा सुधार के माध्यम से फिजियोथेरेपी के ...को स्पष्ट किया। साथ ही, आधुनिक ...शैली से जुड़ी आम समस्याएं कमर दर्द, गर्दन ...घुटनों का दर्द एवं एड़ी का दर्द के निवारण हेतु ...ी उपाय बताए। प्रत्येक फैकल्टी सदस्य को ...गत (वन-ऑन-वन) फिजियोथेरेपी सत्र भी ...किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. साधना श्रीवास्तव, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. मोहित आर्य, डॉ. आरती गुप्ता सहित सभी प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। वहीं कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट एवं कॉलेज ऑफ लाइफ साइंसेज ... शशांक आपटे, डॉ. दिनेश बंगइया एवं डॉ. ... अरोड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



ग्वालियर ■ मंगलवार 09 सितंबर 2025 ■ वर्ष-27 ■ अंक-51 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04

दैनिक **सत्ता सुधार** जनता के साथ जनता की आवाज

सुविचार: व्यक्ति को महान कार्य नहीं करने पर भी, छोटी-छोटी चीजों को महान तरीके से करना चाहिए।

### केआरजी कॉलेज में हुआ फिजियोथेरेपी जागरूकता सत्र

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट एवं कॉलेज ऑफ लाइफ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में केआरजी कॉलेज में फिजियोथेरेपी जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्व फिजियोथेरेपी सप्ताह के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। इस सत्र का संचालन डॉ. शशांक आपटे, डॉ. दिनेश बंगइया एवं डॉ. डिंकी अरोड़ा द्वारा किया गया। उन्होंने केआरजी कॉलेज की प्राचार्या, अध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों को फिजियोथेरेपी के महत्व, स्वास्थ्य संवर्धन, ... फिजियोथेरेपी के महत्व को स्पष्ट किया। साथ ही, आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी आम समस्याएं कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द एवं एड़ी का दर्द के निवारण हेतु उपयोगी उपाय बताए। प्रत्येक फैकल्टी सदस्य को व्यक्तिगत

### केआरजी कॉलेज में फिजियोथेरेपी जागरूकता का सत्र आयोजित

द संघर्ष न्यूज ग्वालियर

ग्वालियर। कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट ग्वालियर एवं कॉलेज ऑफ लाइफ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में केआरजी कॉलेज में एक फिजियोथेरेपी जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्व फिजियोथेरेपी सप्ताह के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ।

इस सत्र का संचालन डॉ. शशांक आपटे, डॉ. दिनेश बंगइया एवं डॉ. डिंकी अरोड़ा द्वारा किया गया। उन्होंने केआरजी कॉलेज की प्राचार्या, अध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों को फिजियोथेरेपी के महत्व, स्वास्थ्य संवर्धन, रोगों की रोकथाम एवं पुनर्वास में इसकी भूमिका के बारे में जागरूक किया।

शिविर में विशेषज्ञों ने विभिन्न व्यावहारिक तकनीकों जैसे मैनुअल थेरेपी, व्यायाम प्रशिक्षण, दर्द प्रबंधन एवं शारीरिक मुद्रा सुधार के माध्यम से फिजियोथेरेपी के महत्व को स्पष्ट किया। साथ ही, आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी आम समस्याएँ कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द एवं एड़ी का दर्द के निवारण हेतु उपयोगी उपाय बताए। प्रत्येक फैकल्टी सदस्य को व्यक्तिगत फिजियोथेरेपी सत्र भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. साधना श्रीवास्तव, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. मोहित आर्य, डॉ. आरती गुप्ता सहित सभी प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे... वहीं कैंसर हॉस्पिटल ... रिसर्च इंस्टीट्यूट से ... शशांक आपटे, डॉ... बंगइया एवं डॉ... विशेष ...

# Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.

*NAAC 'A' Grade Institution   College Mail id: krgc@rediffmail.com   Website: www.krg.ac.in*

*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com   Phone no. 0751-2625495*


# GROOMING WITH NATURE

## VISIT SEPTEMBER 2025




चांदी प्रतिकिलो 126500
पेट्रोल 106.50 डीजल 91.80
घरेलू 936.50 व्यावसायिक 1873.05

सांध्य दैनिक

**श्रीराम एक्सप्रेस**

सब के साथ

● स्वामी ज्योतिर्नंद

वर्ष : 16 अंक 197 | ग्वालियर, सोमवार 15 सितम्बर 2025 | आश्विन कृष्ण नवमी (2082) | मूल्य : 3 रु. पृष्ठ : 08


# छात्राओं ने किया बटरफ्लाई सर्वे देखा प्रकृति का रंग-बिरंगा संसार





श्रीराम एक्सप्रेस, ग्वालियर।

केआरजी कॉलेज की एमसीसी प्राणी शास्त्र की छात्राओं द्वारा डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया द्वारा बिग बटरफ्लाई मंथ 2025 के अवसर पर रविवार को आयोजित तितली सर्वे वॉक में भाग लिया गया। इस कार्यक्रम में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ

उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में इको क्लब प्रभारी डॉ. मोहित आर्य द्वारा किया गया। साथ ही वन्य जीव विशेषज्ञ के रूप में देवयानी हालवे ने छात्राओं को विभिन्न तितलियां की पहचान, उनके आवास स्थान तथा भोजन हेतु आवश्यक पौधों से अवगत कराया।

बारे में विस्तार से जानकारी दी। उक्त बटरफ्लाई सर्वे में डॉ. प्रीति मौर्य, डॉ मुकुलिता उपाध्याय और डॉ. कुश कुशवाह सहित शोधार्थी दीपा गुर्जर एवं निशांत प्रिय गौर ने सक्रिय सहभागिता की गयी। छात्राओं ने विभिन्न रंग-बिरंगी तितलियों का अवलोकन किया और उनकी लगभग 20 प्रजातियों की पहचान की। जिनमे

कॉमन इमिग्रेशन 16, मोटेलड इमिग्रेनट 4, डेनिड एग फ्लाई 8, बिग एग फ्लाई 2, कॉमन जे 4, मुरमून 2, फॉरगेट मी नोट 7, वन स्पॉटेड ग्रास येलो 4, लाइम बटरफ्लाई 3 आदि हैं। इस अवसर पर उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि तितलियां जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन का महत्वपूर्ण संकेतक हैं। ऐसे सर्वेक्षण








पत्रिका


**बटरफ्लाई वॉक में 35 छात्राएं हुईं शामिल**

# 20 प्रजातियों की तितलियों के बारे में दी गई जानकारी





पत्रिका प्लस@ग्वालियर. शासकीय कमलाराजा महाविद्यालय की 35 छात्राओं ने रविवार को रामानुज नगर में बटरफ्लाई वॉक में भाग लिया। जिसमें वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर देवयानी हलवे ने छात्राओं को 20 प्रजातियों की तितलियों और विभिन्न प्रकार के कीड़ों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया सितंबर का महीना तितलियों का महीना होता है, क्योंकि इस महीने में तितलियों का नया जीवन चक्र शुरू होता है, नई तितलियों का जन्म होता है। उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया बिग बटरफ्लाई मंथ नामक संस्था की निगरानी में हो रहे बटर फ्लाई वॉक की जानकारी दी। इनका पर्यावरण में महत्वपूर्ण स्थान है। इस अवसर पर महाविद्यालय के जूलॉजी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर मोहित आर्य व प्रीति आर्य उपस्थित रहे।


15/09/2025 | Gwalior City | Page : 11

Source : https://epaper.patrika.com/

# Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.

*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*

# INSTITUTE OF LAW ACTIVITIES SEPTEMBER 2025




दिनांक 02-09-2025 को Lecture on Entrepreneurship (incubation centre) डॉ. एस.एस. सेंगर और डॉ. अंशुमन सोइन द्वारा उद्यमशीलता के बारे में छात्राओं को अवसर हेतु अवगत कराया गया

दिनांक 06-09-2025 श्री सनातन सेन द्वारा छात्राओं को कानूनी सहायता क्लिनिक पर विस्तार व्याख्यान







दिनांक 16-09-2025 को Legal Aid Clinic Training Session on "The Legal Services Authority Act, 1987" डॉ. इंदल सिंह द्वारा छात्राओं को कानूनी सहायता के बारे में जागरूकता फैलाना।

**Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.**

*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*

# INSTITUTE OF LAW ACTIVITIES SEPTEMBER 2025



दिनांक 27-09-2025 को Introduction Program for BALLB I sem. & LLM I sem. Students 2025-26 परिचय दिया गया वह विभाग के बारे में जानकारी दी गई

दिनांक 29-09-2025 को Workshop b Making" by on environmental law & Justice AWAZ leadership (NGO) श्री रोहित शर्मा द्वारा पर्यावरण के विधिक प्रावधानों से संबंधित जानकारी दी गई





# INSTITUTE OF LAW ACTIVITIES SEPTEMBER 2025

## महात्मा गांधी इंटर मूट कोर्ट प्रतियोगिता, सितंबर 2025 में सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल और सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार।






# ACTIVITIES IN DIGITAL STUDIO

## SEPTEMBER 2025













# SPORTS ACTIVITIES

## OCTOBER 2025

महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा जिलास्तर अंतर्महाविद्यालयीन महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 08.10.2025 को किया गया जिसमे शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर की छात्राओं ने विजेता ट्राफी पर कब्जा किया।



केआरजी कालेज बास्केटबाल चैंपियन

विजेता केआरजी कालेज की बास्केटबाल टीम व अतिथि • सौजन्य

नईदुनिया प्रतिनिधि, ग्वालियरः केआरजी कालेज की टीम अपने घरेलू कोर्ट पर जोरदार प्रदर्शन कर जिलास्तरीय अंतर महाविद्यालयीन बास्केटबाल महिला प्रतियोगिता की चैंपियन बनी। फाइनल में मेजबान टीम ने एसओएस की टीम को 50-3 के बड़े अंतर से हराया। विजेता टीम के लिए महक खान, प्रिया माहौर, सानिया, खुशबू राठौर बढ़िया खेलीं। समापन पर अमर सिंह सिन्करवार

**जिलास्तरीय अंतर महाविद्यालयीन बास्केटबाल महिला प्रतियोगिता**

पुलिस निरीक्षक कंपू थाना, कालेज की प्राचार्या डा. साधना श्रीवास्तव, अरविंद रघुवंशी ने पुरस्कार बांटे। संगठन सचिव एवं खेल अधिकारी डा. मनोहर कटारिया ने बताया कि केआरजी की मेजबानी में ही संभागीय स्पर्धा 16-17 अक्टूबर और राज्य स्तरीय स्पर्धा 6-7 नवंबर को होगी।

महिला बास्केटबॉल [illegible]ता

केआरजी कॉलेज महिला टीम जीती

ग्वालियर@पत्रिका. शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित जिलास्तरीय अंतरमहाविद्यालयीन महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच शासकीय केआरजी महाविद्यालय और एसओएस जीवाजी विश्वविद्यालय के बीच खेला गया, जिसमें केआरजी महाविद्यालय ने 50-3 के भारी अंतर से जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमर सिंह सिकरवार, पुलिस निरीक्षक कम्पू थाना उपस्थित थे। डॉ. साधना श्रीवास्तव ने की, विशिष्ट अतिथि अरविन्द रघुवंशी रहे। समारोह में क्रीड़ा समिति और विभिन्न महाविद्यालयों से आए क्रीड़ा अधिकारी डॉ. लखविंदर सिंह, डॉ. उमाशंकर त्रिपाठी, डॉ. रवि दीक्षित, डॉ. सोनेश पूनिया, डॉ. हरेन्द्र सिंह सिकरवार, डॉ. संजीव सिंह, डॉ. अनुराग पाठक, डॉ. प्रमोद नरवरिया, डॉ. सुदीप सिंह यादव और डॉ. पंकज आर्य एवं छात्राएं मौजूद रहीं। केआरजी महाविद्यालय की ओर से महक खान, प्रिया माहौर, सानिया और खुशबू राठौर का प्रदर्शन शानदार रहा, जिन्होंने अपनी टीम को जीत दिला[illegible]




संभागस्तर अंतर्जिला महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16.10.2025 को शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर में ही किया गया जिसमें भी महाविद्यालय की छात्राएं ही विजेता रहीं एवं विजेता ट्राफी पर कब्जा किया।

# HINDI DEPARTMENT ACTIVITIES

## SEPTEMBER 2025

दिनांक 11-10-25 को डॉक्टर कल्पना शर्मा द्वारा संपादित पुस्तक ,"भारतीय लोक साहित्य : प्रगति और परंपरा" का विमोचन महाविद्यालय में हुआ






# INSTITUTE OF LAW ACTIVITIES
# OCTOBER 2025

दिनांक 11-10-2025 को Extension Lecture on New Criminal Laws By Alumni (Tanya Singhal) छात्राओं को नवीन आपराधिक कानून के बदलाव की जानकारी






**दिनांक 15.10.2025 को महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा विश्व छात्र दिवस पर Celebrating APJ Abdul Kalam's 94th Birthday कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**






# Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.

*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*

## DEPARTMENTAL ACTIVITIES

### 31 OCTOBER 2025






दैनिक पुष्पांजली टुडे | विविध | ग्वालियर, बुधवार 5 नवम्बर 2025 | 7

**स्वदेशी जागरण मंच, ग्वालियर के सहयोग से के.आर.जी. कॉलेज में उद्यमिता एवं स्वरोजगार कार्यशाला आयोजित**

महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे

ग्वालियर, । 3 नवंबर के.आर.जी. कॉलेज, गृह विज्ञान विभाग द्वारा उद्यमिता और स्वरोजगार पाठ्यक्रम के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं में आत्मनिर्भरता, नवाचार और स्वरोजगार के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।कार्यशाला का आयोजन स्वदेशी जागरण मंच, ग्वालियर के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने की।

कार्यक्रम में ग्वालियर जिला संयोजक श्री लोकेन्द्र सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. शैलजा जैन द्वारा किया गया।**

मुख्य ट्रेनर के रूप में बृजेश शुक्ला, उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं नोडल तथा मास्टर ट्रेनर (व्यावसायिक शिक्षा) ने छात्राओं को स्वरोजगार और लघु उद्योग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने कार्यशाला में छात्रों को **गौमय दीपक, धूपबत्ती, सुंदर मूर्ति और स्वच्छ वस्त्र का उत्पादन करने के गुर सिखाए। सह-ट्रेनर श्री ऋषभ जैन ने विद्यार्थियों को के व्यावहारिक पहलुओं और इसके उपयोग के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया।

स्वदेशी जागरण मंच, ग्वालियर के नगर संयोजक लवकुश शर्मा ने कहा कि «आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब युवा वर्ग नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बने।»

कार्यशाला के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने कॉलेज परिसर में स्टार्टअप प्रारंभ करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इसका प्रशिक्षण दिसंबर माह से प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें **स्वदेशी जागरण मंच का विशेष सहयोग रहेगा।

इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पगनविची, जिला ग्वालियर के विद्यार्थी – राजा कुशवाह * एवं "शनि परिहार ने भी भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए।पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में सीखने का उत्साह, आत्मनिर्भरता की भावना और स्वदेशी उद्यम की प्रेरणा देखने को मिली।

उद्यमिता केंद्र प्रभारी डॉ. सामंत सिंह सेंगर ने छात्रों को लाइव उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी दी और स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों से स्टार्टअप में सहयोग के लिए अनुरोध किया।इस अवसर पर प्राध्यापिकाएँ डॉ. चारू कटारे, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. पूर्णिमा शाह, डॉ. सिंपल व्यास, डॉ. गरिमा श्रीवास्तव, डॉ. रानू सक्सेना एवं श्रीमती पूजा पाठक उपस्थित रहीं।

**नो कुंडी गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिन 500 व्यक्तियों ने दी आहुतियां....**

**54 सीसी अवैध मादक पदार्थ आनरेक्स कफ सिरप के साथ आरोपी गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट के तहत की कार्यवाही**

शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय ग्वालियर के गृहविज्ञान विभाग स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध केन्द्र द्वारा दिनांक 31.10.2025 को प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 'मोमबत्ती निर्माण' हेतु एक दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षक श्रीमती ऊषा सिरौलिया एवं कु. प्रज्ञा गोयल द्वारा मोमबत्ती प्रशिक्षण, श्री ब्रजेश शुक्ला द्वारा इनके निर्माण, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

इस कार्यशाला प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं में आत्मनिर्भरता, आर्थिक स्वतंत्रता एवं स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित करना है, ताकि वे उद्यमिता कौशल अर्जित कर स्वयं, समाज एवं देश के आर्थिक विकास में योगदान प्रदान कर सकें।



# CAREER GUIDANCE & PLACEMENT CELL ACTIVITIES OCTOBER 2025

दिनांक 6 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय के विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं इनक्यूबेशन सेंटर का एनीमेशन इंस्टीट्यूट MAC के साथ MOU






इंफोसिस फाउंडेशन द्वारा 30 दिवसीय इंग्लिश कम्युनिकेशन स्किल्स ट्रेनिंग का दूसरा बैच

जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट के सौजन्य से JQL 2025 के आयोजन पश्चात सर्टिफिकेट वितरण



**Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.**
*NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495*

# POLITICAL SCIENCE ACTIVITIES

## OCTOBER 2025






राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 8 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय कार्यशाला "भारतीय ज्ञान परंपरा और ज्ञान का विऔपनिवेशीकरण"



# Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.

*NAAC 'A' Grade Institution   College Mail id: krgc@rediffmail.com   Website: www.krg.ac.in*
*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com   Phone no. 0751-2625495*

## MENTAL HEALTH AWARENESS IN THE DIGITAL WORLD 11TH OCTOBER 2025









# CAREER GUIDANCE & PLACEMENT CELL

## ACTIVITIES 31TH OCTOBER 2025

दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन एवं पुरस्कार तथा सर्टिफिकेट वितरण







**Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.**

*NAAC 'A' Grade Institution   College Mail id: krgc@rediffmail.com   Website: www.krg.ac.in*

*IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com   Phone no. 0751-2625495*





# E-Newsletter

**(July-Oct. 2025)**

**Published by:**

**IQAC of the College**

**Email College: krgc@rediffmail.com**

**Email IQAC: iqac.krgc@gmail.com**